# कार्यालय प्राचार्य
# स्व.रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय,मोपका निपनिया
# जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा पिन–493118 (छ.ग)

**College Code-1253** **website-www.gcmopka.in** **Email-govtnaveencollegemopka@gmail.com**


क्रमांक / 233 / पं. मु. / 2025 मोपका दिनांकः 05 / 08 / 2025

प्रति,

उप कुलसचिव (प्रशा.)
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
रायपुर ( छ.ग)

विषयः– पंचमुखी विकास कार्यक्रम प्रतिवेदन माह–जूलाई 2025

संदर्भः– आपका पत्र क्र.2236 / सा.प्रशा. / स्वच्छता / एफ–65 / 2017 / रायपुर दिनांक 12.06.2017

***

1. 07.07.2025 को एस.बी.आई. बैंक द्वारा जागरूकता कार्यक्रम मनाया गया।
2. 14.07.2025 को ई.सी.आई. वोटर आईडी बनाने हेतु छात्रों को जागरूक किया गया।
3. 14.07.2025 को एन.ई.पी. संबधित नुक्कड़ नाटक ग्राम मोपका में प्रस्तुत किया गया।
4. 16.07.2025 को शैक्षणिक भ्रमण हेतु विधानसभा एवं आदिवासी संग्रहालय, रायपुर का भ्रमण छात्रों को कराया गया।
5. 18.07.2025 को छात्रों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण का सफाई किया गया।
6. 23.07.2025 को हरेली पर्व मनाया गया ।
7. 26.07.2025 को विजय कारगिल दिवस मनाया गया।
8. 28.07.2025 को विश्व प्रकृति दिवस मनाााया गया।
9. 29.07.2025 को गुरू–शिष्य, व्यास पूजा मनाया गया।
10. 31.07.2025 को मुशी प्रेमचंद जयंती मनाया गया।

संलग्नः– फोटोग्राफ।

A. Saini
(डॉ.अभिलाषा सैनी)
प्राचार्य
स्व.रामनाथ वर्मा शासकीय
महाविद्यालय मोपका - निपनिया
जि.बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

पृ. क्रमांक / 234 / पं. मु. / 2025 मोपका दिनांकः 05 / 08 / 2025

प्रतिलिपिः–

01.आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन अटल नगर रायपुर (छ.ग.)।
02.प्राचार्य शासकीय डी. के स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार को सूचनार्थ।


A. Saini
(डॉ.अभिलाषा सैनी)
प्राचार्य
स्व.रामनाथ वर्मा शासकीय
महाविद्यालय मोपका - निपनिया
जि.बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

### 07.07.2025 को एस.बी.आई. बैंक द्वारा जागरूकता कार्यक्रम







### 14.07.2025 को ई.सी.आई. वोटर आईडी बनाने हेतु छात्रों को जागरूक किया गया







### 14.07.2025 को एन.ई.पी. संबधित नुक्कड़ नाटक ग्राम मोपका में प्रस्तुत किया गया।






## मोपका कॉलेज में नुक्कड़-नाटक का किया प्रदर्शन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क

कोलिहा में शाला प्रबंधन समिति का गठन

भाटापारा. स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय मोपका- निपानिया जिला बलौदाबाजार - भाटापारा मे प्राचार्य डॉ. अभिलाषा सैनी के निर्देशन मे राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रियंका पाटले द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन ग्राम मोपका मे एनएसएस के स्वयंसेवक द्वारा किया गया। स्वयंसेवक द्वारा NEP 2020 के अंतर्गत पाठ्यक्रम डीएससीडी, एसई, एईसी वी.ए.सी, एस. ई. सी. जैसे करिकुलम को नाटक के जरिए प्रस्तुत किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा बताया गया की पुरानी शिक्षा नीति और नई शिक्षा नीति में क्या अंतर है इससे बच्चों को क्या लाभ है एवं इससे बच्चों का कैसे सर्वांगीण विकास होगा। 4 वर्ष के कोर्सेज को विस्तार से समझाया जैसे कि प्रथम वर्ष में सर्टिफिकेट कोर्स, द्वितीय वर्ष मे डिप्लोमा, तीसरा वर्ष मे ग्रेजुएशन एवं चौथे वर्ष में रिसर्च की डिग्री दी जाएगी। साथ ही यह भी नाटक के जरिए दिखाया गया कि कैसे कला संकाय के विद्यार्थी विज्ञान के विषय चयन कर सकते है, वाणिज्य के विद्यार्थी कैसे विज्ञान के संकाय के विषय चयन कर सकते हैं, इससे विद्यार्थी की व्यावसायिक परीक्षा की तैयारी मे भी लाभ मिल सकता है। अगर विद्यार्थी रिसर्च की ओर अपना करियर बनाना चाहते हैं तो वह एक संकाय के साथ भी जा सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन महादल नायक अंजू वर्मा, स्वयंसेवक हेमेश्वरी, सुमन ध्रुव, सुमन सतनामी, भानुप्रिया, श्वेता रजक, गौरी यदु द्वारा प्रदर्शन किया

### 16.07.2025 को शैक्षणिक भ्रमण छात्रों को कराया गया।



शैक्षणिक भ्रमण • स्व. रामनाथ वर्मा कॉलेज के छात्रों ने आदिवासी संग्रहालय को भी देखा

**छात्रों ने विस की कार्यवाही देख समझा लोकतंत्र**

भास्कर न्यूज़ | भाटापारा

स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय मोपका-निपानिया के छात्रों को रायपुर विधानसभा और आदिवासी संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। यह भ्रमण प्राचार्य डॉ. अभिलाषा सैनी के मार्गदर्शन में हुआ। उद्देश्य था छात्रों को राज्य की विधायी प्रक्रिया और लोकतंत्र की कार्यप्रणाली से अवगत कराना। छात्र 16 जुलाई को विधानसभा सत्र के तीसरे दिन पहुंचे।

उन्होंने मुख्यमंत्री, विधायकों की चर्चाएं, प्रश्नोत्तर काल और अन्य कार्यवाही को प्रत्यक्ष रूप से देखा। सदन की भव्यता को सराहा। लोकतंत्र को नजदीक से समझा। विधानसभा की संरचना और कार्यप्रणाली की जानकारी भाटापारा विधायक इंद्र साव के निज सहायक शेष नारायण साव ने दी। सत्र के बाद छात्रों ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव, भाटापारा विधायक इंद्र साव, पंडरिया विधायक भावना बोहरा, पूर्व महिला बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया, कसडोल विधायक संदीप साहू, सरायपाली विधायक चातुरी डिग्रीलाल नंद, खुज्जी विधायक भोला राम साहू और भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मांडवी से सौजन्य भेंट की।

छात्रों ने इस अनुभव को जीवन का महत्वपूर्ण क्षण बताया। कहा, किताबों में जो पढ़ा, उसे सजीव रूप में देखा। वे विधानसभा की कार्यवाही को लेकर उत्साहित और जिज्ञासु दिखे। अधिकारियों से कई सवाल पूछे। इस अनुभव ने उनमें लोकतंत्र के प्रति जागरूकता और रुचि को बढ़ाया। इसके बाद छात्रों ने आदिवासी संग्रहालय का भ्रमण किया। यहां 14 थीम आधारित गैलरियों का अवलोकन किया। गोंड, बैगा, भुंजिया, कोरकू, मुरिया जैसी जनजातियों की जीवनशैली, वेशभूषा, कृषि, शिकार, संगीत, नृत्य और परंपराओं को सजीव रूप में देखा।

विधानसभा और संग्रहालय भ्रमण से छात्रों ने जाना लोकतंत्र।










### 18.07.2025 को छात्रों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम






### 23.07.2025 को हरेली पर्व मनाया गया।










दैनिक भास्कर आंचलिक 25-07-2025

हरेली की धूम • छात्राएं हरे परिधान में पहुंची, सांस्कृतिक कार्यक्रम किए, एनएसएस में गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता भी कराई गई

**कॉलेज में मनाई हरेली, पर्यावरण उत्सव का भी आयोजन**

स्व.रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय मोपका-निपनिया में हरेली तिहार पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका पाटले के नेतृत्व में हुआ। प्राचार्य डॉ. अभिलाषा सैनी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा, हल-फावड़े और कृषि यंत्रों की पूजा से हुई।


एनएसएस स्वयंसेवकों ने छत्तीसगढ़ राजगीत और एनएसएस गीत से शुरुआत की। इसके बाद पारंपरिक लोकगीतों पर गेड़ी नृत्य और सुआ नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। छात्र-छात्राओं ने हरियर लुगरा, करधान, ऐंठी जैसे पारंपरिक परिधान पहनकर संस्कृति को जीवंत किया। महाविद्यालय परिसर हरियाली, लोकधुनों और पारंपरिक सजावट से सराबोर हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसएस दल नायक अंजू वर्मा, दल प्रमुख सुमन ध्रुव, भानुप्रिया, तारणि साहू, सरिता वर्मा और मधु वर्मा ने की। हरेली पर आयोजित गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता में छात्रों और स्टाफ ने बांस की गेड़ी पर संतुलन साधते हुए भाग लिया। रस्साकसी, फुगड़ी और नारियल फेंक जैसे देसी खेलों ने विद्यार्थियों को खूब आकर्षित किया। प्राचार्य ने कहा, हरेली तिहार केवल पर्व नहीं, यह संस्कृति, प्रकृति और श्रम के प्रति श्रद्धा है। उन्होंने छात्राओं से अपनी मिट्टी, बोली और परंपरा को संजोने की अपील की। कार्यक्रम अधिकारी ने कहा, छत्तीसगढ़ की आत्मा गांव और खेतों में बसती है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ते हैं। सहायक प्राध्यापक नेहा केरकेट्टा ने लोक परंपरा, पर्यावरण संरक्षण और कृषक संस्कृति के महत्व पर छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक एन के ध्रुव, राजा राम धुर्वे, तृप्ति साव, लमेंद्र नेताम, इंद्रकांत सोनवानी, खिलेश्वर साहू और स्वयंसेवक मौजूद रहे। आयोजन का उद्देश्य था छात्रों में सांस्कृतिक चेतना, परंपराओं के प्रति सम्मान और पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाना। आयोजन ने यह साबित किया कि आधुनिक शिक्षा के साथ पारंपरिक चेतना का विकास ही पूर्ण शिक्षा है। हरेली पर बने पारंपरिक व्यंजन चीला की खुशबू ने पूरे परिसर को सांस्कृतिक सौंध से भर दिया।

भाटापारा। महाविद्यालय में हरेली तिहार में शामिल छात्राएं।

**यदु समाज की महिलाओं ने मनाया ग्रीन डे**

### 26.07.2025 को विजय कारगिल दिवस मनाया गया।





शहीदों को मौन श्रद्धांजलि

युवाओं ने लिया देश सेवा का संकल्प

## कारगिल विजय दिवस पर युवाओं ने दी वीरों को श्रद्धांजलि

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भाटापारा.** शौर्य को नमन, बलिदान को प्रणाम की थीम पर केंद्रित कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय मोपका-निपनिया, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा मे किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अभिलाषा सैनी के निर्देशन में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका पाटले के मार्गदर्शन मे आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी में देशभक्ति, बलिदान और सेवा की भावना को जागृत करना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता देवी अहिल्याबाई होलकर दल प्रमुख मधु ने की, और उनके साथ दल सदस्य तारणि व तरीका साहू भी उपस्थित रहे। कारगिल युद्ध की पृष्ठभूमि पर जानकारी देते हुए बताया गया कि 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय के तहत कारगिल की ऊंचाइयों पर कब्जा जमाए दुश्मन को पराजित किया था। इस दिन को उन वीर सैनिकों की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा करते हुए प्राणों की आहुति दी।

कार्यक्रम में कैप्टन विक्रम बत्रा को विशेष रूप से याद किया गया, जिन्होंने ये दिल मांगे मोर जैसे प्रेरक शब्दों के साथ अदम्य साहस दिखाया। उनके साथ राइफलमैन संजय कुमार और ग्रेनेडियर योगेन्द्र सिंह यादव जैसे योद्धाओं के योगदान को भी श्रद्धा से स्मरण किया गया।

कार्यक्रम में प्रियंका पाटले ने एनएसएस के मूल मंत्र " Not Me, But You की भावना से छात्रों को जोड़ते हुए कहा कि कारगिल के जवानों का जज़्बा सिखाता है कि देश सर्वोपरि है। कठिन परिस्थितियों में साहस, निःस्वार्थ सेवा और एकता की भावना, ये सभी एनएसएस के मूल आदर्श हैं। इसके पश्चात छात्रों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

नेहा केरकेट्टा ने छात्रों से अपने जीवन में किसी न किसी रूप में देश सेवा करने का आह्वान किया, एनएसएस सेवा कार्य, पर्यावरण रक्षा, या समाज में जागरूकता फैलाकर।

डॉ. अमित कुमार ने कहा अगर आज हम खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं, तो उसके पीछे हमारे वीर सपूतों का बलिदान है। आइए, उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और एक जिम्मेदार नागरिक बनें।

**28.07.2025 को विश्व प्रकृति दिवस मनााया गया।**









## शासकीय कॉलेज में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया

**भाटापारा @ पत्रिका.** स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय, मोपका-निपानिया बलौदाबाजार भाटापारा में प्राचार्य डॉ. अभिलाषा सैनी के निर्देशन में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस 2025 मनाया गया। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस 2025 के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रकृति की महत्ता बताते हुए प्रकृति में समाहित होने वाले सभी संपदाओं एवं प्रकृति के विभिन्न घटकों के महत्व को बताया गया। प्रकृति समस्त जीवों के प्रति निःस्वार्थ व समान भाव से सभी जीवों के प्रति अपना व्यवहार प्रदान करती है द्य जिसे हम सभी को आने वाले प्राकृतिक जीवों के लिए संरक्षित करना बहुत ही जरूरी है।

रा. से. यो. कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका पाटले ने बताया कि प्रकृति से हम सब हैं प्रकृति नहीं तो सृष्टि का विनाश हो जाएगा। अतः प्रकृति ने जितने खूबसूरत तरीके से हमें संवारा है हमें भी आने वाले के लिए उसी भाव से इस प्रकृति को संरक्षण करना होगा।

सहायक प्राध्यापक नेहा केरकेट्टा ने बताया कि प्रकृति के संरक्षण के लिए हमें प्रदूषण कम करना होगा, ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाना होगा, जल संचय करना होगा, प्राकृतिक संसाधनों का सीमित दोहन करना होगा। इन तमाम विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

कार्यालय प्राचार्य

स्व.रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय,मोपका निपनिया

जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा पिन–493118 (छ.ग)

**College Code-1253** **website-www.gcmopka.in** **Email-govtnaveencollegemopka@gmail.com**

## 29.07.2025 को गुरू–शिष्य, व्यास पूजा मनाया गया।











गुरु पूर्णिमा पर किया गया आयोजन

### कॉलेज में गुरु-शिष्य व्यास पूजा, भारतीय संस्कृति की दिखी झलक

भाटापारा @ पत्रिका. स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय मोपका-निपानिया, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य मे गुरु-शिष्य व्यास पूजा का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्रियंका पाटले के संयोजन में और अभिलाषा सैनी के मार्गदर्शन मे संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रकट किया। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक अनूप दास मानिकपुरी, शैल कुमार नेताम, दिनेश कुमार वर्मा तथा प्राध्यापक एन के ध्रुव, रोहित देवांगन, राजा राम धुर्वे, नेहा केरकेट्टा, अमित कुमार और युवराज दीक्षित की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ रानी लक्ष्मीबाई दल की प्रभारी भानुप्रिया नवरंगे एवं सदस्य बबीता साहू, टिकेश्वरी साहू, दिव्या वर्मा, दिगेश्वरी साहू, गौरी यदु, प्रियंका सोनी एवं कविता चक्रधारी द्वारा दीप प्रज्वलन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने 'गुरु वंदना' कर पुष्प, फल और प्रतीकात्मक उपहार अर्पित किए।


सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में शास्त्रीय संगीत, नृत्य और वीडियो ग्राफिक्स ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जाओं से भर दिया। मुख्य अतिथि दिनेश कुमार वर्मा ने कहा, गुरु केवल ज्ञान नहीं देते, वे चरित्र, अनुशासन और जीवन मूल्यों के वाहक होते हैं। राष्ट्र का निर्माण विद्यालयों में होता है, कारखानों में नहीं।

अभिलाषा सैनी ने कहा, गुरु का अर्थ है 'गु' - अंधकार और 'रु' - प्रकाश। वे अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। एन के ध्रुव ने कहा, गुरु-शिष्य संबंध केवल शिक्षा का नहीं, आत्मिक उन्नति का संबंध होता है।

प्रियंका पाटले ने आयोजन के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा, यह पूजा कोई रस्म नहीं, यह गुरु के प्रति आत्मीय श्रद्धा का प्रतीक है। गुरु वह दीप होते हैं, जो अपने तप से शिष्य का मार्ग आलोकित करते हैं। अमित कुमार ने बताया कि समारोह का समापन गुरुजनों के आशीर्वाद और विद्यार्थियों द्वारा सद्गुणों को जीवन में अपनाने के संकल्प के साथ किया गया।आभार प्रदर्शन अंजू वर्मा ने किया। विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति, गुरु महत्ता और सदाचार के मूल्यों को आत्मसात करने की शपथ लेकर कार्यक्रम का समापन किया।

## 31.07.2025 को मुशी प्रेमचंद जयंती मनाया गया।




A. Saini

(डॉ.अभिलाषा सैनी)

प्राचार्य

स्व.रामनाथ वर्मा शासकीय

महाविद्यालय मोपका – निपनिया

जि.बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)